अमर उजाला

# उन्नाव में नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, सीज हुआ गोदाम, आरोपी फरार

यूपी डेस्क, अमर उजाला, उन्नाव
Updated Mon, 22 Jul 2019 02:27 PM IST





उन्नाव में नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ - फोटो : अमर उजाला

यूपी के उन्नाव जिले में सोमवार को पुलिस ने नकली सीमेंट बनाने वाली फैक्ट्री की भंडाफोड़ किया। पुलिस को आसीवन थाना क्षेत्र के कटरा गांव के पास एक नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री चलने की सूचना मिली थी। जिसपर उपजिलाधिकारी हसनगंज ने छापा मारा। पुलिस ने गोदाम सीज कर दिया है। मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस को यहां नामी ब्रांड की करीब 700 बोरी नकली सीमेंट और भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/police-seized-fake-cement-factory-in-unnao#